उत्तरांचल टेक्निकल यूनिवर्सिटी में गुरुवार को आयोजित कौथिग के दौरान मिस्टर एंड मिसेज यूनिवर्सिटी चुने गए छात्र-छात्राएं। ● हिन्दुस्तान

बिरला इंस्टीट्यूट बना कौथिग का चैंपियन

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) का तीन दिवसीय एनुअल ऐथलेटिक्स एंड टैक्नोकल्चरल फेस्टिवल कौथिग का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लाइड साइंस भीमताल कौथिग का ओवरआल चैंपियन बना। वहीं मिस्टर यूनिवर्सिटी का खिताब रिफात व मिस यूनिवर्सिटी का खिताब लतिका धामी ने जीता।यूटीयू के संस्थापक कुलपति प्रो. वीके तिवारी ने ने कहा कि इस तरह के आयोजन में प्रतिभाग करने से हमें मानसिक और शारीरिक मजबूती मिलती है।